रखती है, इसलिए अगर करिअर बदलना चाहते हैं तो इसका चुनाव संभलकर करें।

व उनके दर्शन शास्त्र के बारे में बताया। पूर्व ... बीरबल वर्मा, अजय आदि मौजूद रहे।

आईजीयू में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस

विशेषज्ञों ने विचार रखे, गतिविधियां कराईं

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) मीरपुर के फार्मेसी विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला रेवाड़ी-गुरुग्राम ड्रग कंट्रोल ऑफिसर अमनदीप सिंह चौहान तथा डॉ. संदीप कुमार ने कोरोना काल के दौरान कार्य करने में आई समस्याओं तथा उनके निवारण के लिए उठाए गए कदमों को सांझा किया।

आयुष मंत्रालय में कार्यरत रिसर्च अधिकारी रेनू आर्या ने कोरोना महामारी के दौरान आयुष मंत्रालय द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में बताया। देश के विभिन्न स्थानों पर कार्यरत फार्मासिस्टों नवनीत, गरीमा, सोनिका, महेन्द्र सिंह एवं अन्य ने विद्यार्थियों को समाज में फार्मेसी व्यवसाय का महत्व बताते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

रेवाड़ी में आइजीयू में पौधा रोपण करते स्टाफ सदस्य।

इससे पहले विवि के शैक्षणिक मामले अधिष्ठाता प्रो. एसएस चाहर, अधिष्ठाता (महाविद्यालयों) सतीश खुराना व विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने औषधीय पौधों को रोपण किया। विभागाध्यक्ष ने फार्मासिस्टों की समाज में अहम भूमिका बताई तथा कोरोना काल के दौरान फार्मासिस्टों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए आभार जताया।

लाइव एक्टिविटि में देवा व क्विज में पूजा प्रथम

फार्मेसी विभाग में क्विज तथा पोस्टर मेकिंग का भी आयोजन किया। इसमें लाइव एक्टिविटी में प्रथम स्थान देवा, द्वितीय स्थान तरूण यादव तथा तृतीय स्थान नैन्सी वर्मा को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार क्विज में प्रथम स्थान सातवें सेमेस्टर की छात्रा पूजा शर्मा ने और रजत कुमार तथा जीतेश यादव ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय स्पर्धा पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान जगत सिंह, दूसरा व तृतीय स्थान नितिन व निधि ने प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. ममता कामरा ने फार्मासिस्टों की समाज में योगदान की सराहना की। विश्वविद्यालय की तरफ से फार्मासिस्टों व अधिकारियों को प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया।

आईजीयू मीरपुर में औषधीय पौधे लगाकर मनाया फार्मासिस्ट दिवस

अमर उजाला ब्यूरो

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) मीरपुर में के फॉर्मेसी विभाग विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व फॉर्मासिस्ट दिव ऑनलाइन माध्यम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर एस.एस.चाहर अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले, सतीश खुराना अधिष्ठाता (महाविद्यालय) तथा डॉ. सुनील कुमार,विभागाध्यक्ष ने औषधीय पौधों को रोपण किया ।

इस दिवस पर विभागाध्यक्ष ने फॉर्मासिस्टों की समाज में अहम भूमिका बताई तथा कोरोना काल के दौरान फॉर्मासिस्टों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को गरिमामयी बनाते हुए जिला रेवाड़ी-गुरुग्राम एवं कोटा से ड्रग कंट्रोल ऑफिसर अमनदीप सिंह चौहान तथा डॉ. सन्दीप कुमार ने कोरोना काल के दौरान कार्य करने में आई समस्याओं तथा उनके निवारण हेतु उठाए गए कदमों को श्रोताओं के साथा साझा किया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार में कार्यरत रिसर्च अधिकारी रेनू आर्या ने कोरोना महामारी के दौरान आयुष मंत्रालय द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का बखान किया। देश के विभिन्न स्थानों पर कार्यरत फॉमसिस्टो नवनीत, गरीमा, सोनिका, महेन्द्र सिंह एवं अन्य ने विद्यार्थियों को समाज में फॉर्मेसी व्यवसाय का महत्व बताते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान फॉर्मेसी विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कि क्विज तथा पोस्टर मेकिंग का भी आयोजन किया जिसमें लाईव एक्टिविटी में प्रथम स्थान देवा, द्वितीय स्थान तरुण यादव तथा तृतीय स्थान नैन्सी वर्मा को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार क्विज में प्रथम स्थान सातवें सेमेस्टर की छात्रा पूजा शर्मा ने और रजत कुमार तथा जितेश यादव ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान जगत सिंह, दूसरा व तृतीय स्थान नितीन कुमार व निधि ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ममता कामरा कुलसचिव आईजीयू ने विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा फॉमसिस्टों को बधाई दी एवं फॉर्मासिस्टों की समाज में योगदान की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के.गक्खड़ ने इस दिवस की शुभकामनाऐं दी।

स्वामी
भवन
इन्दिरा गांधी